हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला


तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री


11 शहीद संतराम की याद में छात्रों ने निकाली रैली





12 'नशा' से बचने छात्रों को किया जागरूक









## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र निर्मित अवैध शराब जब्त, आरोपी फरार

**भाटापारा।** महाराष्ट्र निर्मित अवैध विदेशी व देशी शराब को भाटापारा में त्योहार में खपाने की योजना को भाटापारा सिटी पुलिस ने विफल कर दिया है। मुखबिर की सूचना पर पुलस ने त्वरित कार्रवाई की



और बड़ी मात्रा में शराब जब्त की है। नवीन जैन के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र कायम किया। फरार आरोपी नवीन पिता सोमचंद जैन भाटापारा का रहने वाला है और पहले भी बड़े मात्रा में अवैध शराब बिक्री में आरोपी रहा है। उसके खिलाफ स्थानीय पुलिस महाराष्ट्र की अवैध शराब बिक्री करते पाये जाने पर वैधानिक कार्रवाई कर चुकी है। पुलिस ने जब आरोपी को हिरासत में लेने का प्रयास किया गया तब वह घटना स्थल से भागने में सफल रहा व उक्त स्थान से पुलिस ने बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है, वहीं एक एक्टिवा जिसमें फर्जी नंबर प्लेट लगाकर परिवहन करने की कुटरचना का भी अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी की तलाशी जारी है।

### महिला से पति ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** एक महिला के साथ उसके पति द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थिया कविता बाई दास वार्ड नं 6 बसना ने बताया कि करीब 16 वर्ष पूर्व वार्ड नं 6 बसना निवासी विजय दास के साथ प्रेम विवाह हुआ है। मेरा पति विजय दास रोज शराब पीता है और काम भी नहीं करता है और मुझ पर शक करते हुए मारपीट करता है। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति विजय दास से परेशान होकर करीब एक वर्ष से मायके में रह रही है । 21 अक्टूबर को भी आरोपी ने प्रार्थिय को तू किसी और लड़के के साथ बात करती है, मिलती है कहकर गालियां दी और मारपीट की। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### हार्वेस्टर पलटने से चालक की मौत

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र अंतर्गत एक हार्वेस्टर के पलट जाने से उसके चालक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक जितेंद्र यादव हार्वेस्टर क्रमांक सीजी 05 एक्यू 8564 को ग्राम आमाचानी थाना मगरलोड जिला धमतरी से जीवन साव को हार्वेस्टर में बिठाकर ग्राम भलेसर थाना कोमाखान क्षेत्र में धान काटने के लिए खुद ही चलाते हुए ला रहा था। शाम करीब 5 बजे टुहलू एवं ग्राम पलसीपानी के बीच जंगल सड़क किनारे हार्वेस्टर के पलट जाने से जितेंद्र यादव हार्वेस्टर में दब गया जिससे उसके मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 106(1), 125(a), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

वारदात

## बुजुर्ग से लूट के अपचारी बालक सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों ने आंख में मिर्ची पावडर डालकर दिया था घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम बनसांकरा निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग को बाइक चालक तीन युवकों ने रोका और उसके आंखों में मिर्ची पावडर डाल दिया। आंखों में जलन होने से बुजुर्ग बाइक से गिर पड़ा, जहां आरोपियों ने उससे मारपीट कर जेब में रखे 5 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की सूचना थाने में दी, जहां पुलिस ने चंद दिनों में ही इस घटना को अंजाम देने वाले एक अपचारी बालक सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक कुरैशी, प्रधान आरक्षक दिनेश जांगड़े ओंकार राजपूत, आरक्षक लोकेश डडसेना, वीरेंद्र सिन्हा, युगल किशोर, खुलेश्वर पटेल एवं साइबर सेल से सहायक निरीक्षक संजीव राजपूत, आरक्षक अरविंद कौशिक की पुलिस टीम द्वारा एक अपचारी बालक सहित 3 आरोपियों जिनमें सोनू निषाद 22 साल निवासी ग्राम तरेंगा थाना भाटापारा ग्रामीण सोमेश साहू 22 साल निवासी ग्राम तरेंगा थाना भाटापारा ग्रामीण को हिरासत में लिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 309(6), 3(5) बी एन एस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने लूट की घटना करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों से लूट की रकम में से 1450 एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल सीजी 22 डब्ल्यू 7109 को जब्त कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया है।



#### मारपीट कर लूटे थे पांच हजार

पुलिस ने बताया कि मेघनाथ पिता गणेश राम साहू 60 वर्ष ग्राम खैरघट में किराना दुकान संचालित करता है। प्रतिदिन की तरह प्रार्थी 19 अक्टूबर की शाम 7 बजे अपनी दुकान बंदकर मोटरसाइकिल से बनसांकरा आ रहा था कि ग्राम खैरघट व बनसांकरा के मध्य एक बाइक में सवार तीन अज्ञात युवकों ने अचानक रास्ता रोका और उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर डाल दिया, जिससे बुजुर्ग की आंखों में जलन होने से वह बाइक से गिर गया। इसी दौरान आरोपियों ने बुजुर्ग के सीने पर पैर रखकर हाथ मुक्का से मारपीट किये और पेंट में रखे 5 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। कुछ देर बाद बनसांकरा की ओर से आ रहे शरद साहू को बुजुर्ग ने रोककर घटना की पूरी जानकारी दी। तत्पश्चात परिजनों के साथ थाना आकर घटना की जानकारी दी।

## महानदी शबरी सेतु के समीप सड़क गायब वहां बने जानलेवा गड्ढे



**गिधौरी।** जांजगीर जिले के शिवरीनारायण एवं बलौदाबाजार जिले के गिधौरी बीच महानदी शबरी सेतु पुल के पास सड़क जर्जर होकर उखड़ गई है और वहां सड़क दिखायी नहीं देती। इस जर्जर सड़क से रोजाना राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं। शिवरीनारायण लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को जानकारी एवं समाचार पत्र के माध्यम से सूचना मिलने के बाद अभी इस ओर नजर अंदाल किया जा रहा है। यहां शिवरीनारायण भगवान का दर्शन करने रोजाना हजारों की संख्या में दर्शनार्थियों का आना जाना लगा रहता है। वर्तमान में नवरात्रि पर शिवरीनारायण में मेला लगा था। लेकिन पीडब्ल्यूडी अधिकारी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

## चेक बाउंस पर सरपंच को 2 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

चेक बाउंस के मामले में सिविल न्यायालय भटगांव के प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी ने एक अहम फैसला सुनाया है। जहां आरोपी खुरसुला निवासी सरपंच घासीराम डड़सेना को 2 साल का कारावास एवं 8 लाख का जुर्माना का फैसला सुनाया गया है। मामला गनपत और ग्राम खुरसुला के सरपंच घासी राम डड़सेना के बीच लेन देन का है। गनपत साहू जो जेसीबी और ट्रैक्टर के जरिए कृषि और रोड निर्माण कार्य करता हैं, जो एक गरीब परिवार से आता हैं। घासीराम पंचायत के काम के लिए गनपत से मिला था। सरपंच ने जेसीबी और ट्रैक्टर के जरिए मार्च–अप्रैल 2018 में लगभग 4–5 किलोमीटर सड़क निर्माण का काम करवाया। यह काम 900 रुपये प्रति घंटे की दर से और 1000 ट्रिप मुरुम व अन्य कार्यों के रूप में कुल 6 लाख 45 हजार 500 रुपये का था। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### न्यायाधीश ने 8 लाख का जुर्माना भी लगाया

जब गनपत ने दोबारा पैसे की मांग की, तो घासीराम ने पंचायत के फंड से भुगतान होने का हवाला देते हुए उसे एक साल तक टालते रहा। 4 फरवरी 2019 को घासीराम ने 5 लाख 45 हजार 500 रुपये का चेक दिया जो बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गया। गणपत ने अपने वकील हिमकर दुबे के माध्यम से 14 फरवरी 2019 को घासीराम को एक विधिक सूचना भेजी, जिसका कोई जवाब नहीं मिला। अंततः गनपत ने 7 मार्च 2019 को अपने वकील हिमकर दुबे के माध्यम से न्यायालय में चेक बाउंस का मामला दायर किया। समस्त कानूनी कार्रवाई के बाद 18 अक्टूबर को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी भटगांव की पीठासीन अधिकारी सविता सिंह ठाकुर ने घासीराम को चेक बाउंस का दोषी पाते हुए 2 साल की सजा और 8 लाख रुपये प्रतिकर दण्ड का आदेश सुनाया।

## लखबीर सिंह का भजन संध्या कार्यक्रम कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

तहसील दुर्गोत्सव समिति द्वारा 24 अक्टूबर को नगर के हाई स्कूल मैदान में भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। इसमें आमंत्रित प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जायेगी। नगर में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर भजन गायक के आयोजित कार्यक्रम को लेकर समिति के सदस्यों द्वारा गत कई दिनों से तैयारी की जा रही है।



उक्ताशय की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष चितावर जायसवाल नेरा बताया गया है कि कार्यक्रम में जिला के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में बलौदाबाजार के अलावा आसपास के अन्य नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्र से लोगों के आने की बात को ध्यान में रखते हुए 20 हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम को शांति पूर्ण ढंग से सफल बनाने हेतु समिति के सदस्यों के साथ–साथ जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग से भी सहयोग लिया जा ▶▶ शेष पेज 11 पर

## दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेता निशिचतकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि ▶▶| सिमगा

पंजीयन कार्यालय में दस्तावेज लेखक संघ एवं स्टांप विक्रेता अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व में दस्तावेज लेखकों और स्टांप विक्रता द्वारा प्रदेश संघ के माध्यम से एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल किया गया था। तत्पश्चात एक सप्ताह तक काली पट्टी लगाकर विरोध स्वरूप कार्य किया गया एवं 18–19 व 20 सितंबर को तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जाकर पुनरू ज्ञापन दिया गया था। इसके बाद महानिरीक्षक पंजीयन द्वारा संघ के प्रतिनिधि मंडल से हमारी समस्याओं को 15 दिवस के अंदर पूरा किए जाने का आश्वासन दिया गया था, परंतु एक माह बीत जाने के बाद संघ द्वारा 10 अक्टूबर को पत्र लिखा गया, जिसका कोई जवाब नहीं आया। इस बीच नए–नए योजनाओं जैसे आई टी सॉल्यूशन, एन जी डी आर एस, ई स्टांप लागू कर दिया गया है। यही नहीं एक नई योजना सुगम एप को भी लागू कर दिया गया है, जो पारदर्शिता के नाम पर आम व्यक्ति द्वारा घर बैठे रजिस्ट्री करा सकने का प्रयास बताया जा रहा है, जो एक प्रकार से दस्तावेज लेखकों और स्टांप विक्रेताओं को बेरोजगार करने का उपक्रम है, इसलिए हम शासन से ▶▶ शेष पेज 11 पर



### जमीन बंटवारे को लेकर चाचा से मारपीट

**महासमुंद।** जमीन बंटवारे को लेकर एक युवक ने अपने चाचा के साथ मारपीट कर दी। मामला बसना थाना अंतर्गत ग्राम गढ़फुलझर का है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। प्रार्थी श्यामसुंदर बारिक बडेडाभा ने पुलिस को बताया कि हम लोग पांच भाई हैं। सभी का हिस्सा बंटवारा हो गया है। बड़े भाई मनसाराम की मृत्यु हो गई है, उसके चार लड़के हैं। प्रार्थी ने बताया कि वह 21 अक्टूबर को ग्राम पिपलीपाली रोड किनारे स्थित खेत ग्राम गढफुलझर में धान कटाने गया था। शाम 5 बजे बडे भाई मनसाराम का लड़का सुकालू बारीक आया और कहा कि मेंरे पिताजी की मृत्यु हो गई है, तुम ही हमारे बाप हो। हम चारों भाईयों का हिस्सा बंटवारा को क्यों नहीं कर रहे हो कहते हुए गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा।

## संवरा बस्ती में पहुंचा नल से जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- इस बस्ती में पीएचई विभाग ने 5 स्टैंड पोस्ट लगाये

जल जीवन मिशन से लोगों के घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। पेयजल की समस्या से जूझ रहे संवरा बस्ती के लोगों को कलेक्टर दीपक सोनी की पहल पर नल से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होने लगी है। संवरा बस्ती में पीएचई विभाग द्वारा 5 स्टैंड पोस्ट लगाकर नल – जल की व्यवस्था की गई है। इन स्टैंड पोस्ट में बलौदाबाजार से पाइप लाइन से सुबह–शाम दो – दो घंटे बस्ती के लोगों को पानी मिल रहा है। संवरा बस्ती निवासी लक्ष्मी संवरा जो अपने पति भगवानी संवरा के साथ मजदूरी करती हैं, ने बताया, अब हमें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता। यह हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। इस सुविधा से न केवल उनकी दैनिक गतिविधियां आसान हुई हैं, बल्कि यह उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए भी एक सकारात्मक कदम है। जल जीवन मिशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए एक नया मानक स्थापित किया है।



### लापरवाही पर जनपद सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश

## धान खरीदी केंद्रों में हो मूलभूत सुविधाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आगामी माह में शुरू हो रहे समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा करते हुए सभी धान खरीदी केंद्रों में शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही खाद्य, सहकारिता एवं जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों को संयुक्त रूप से धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर चेक लिस्ट अनुसार खरीदी के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास बड़ी संख्या में अप्रारम्भ रहने के कारण कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत कसडोल को शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारी के क्रम में निरीक्षण हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए कम से कम 10 चेक पोस्ट का निर्माण कर दल गठित करने तथा अवैध धान परिवहन को हर हाल में रोकने की बात कही। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास एवं निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए अब तक अप्रारम्भ आवासों को शीघ्र प्रारम्भ करने तथा तय समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि आवास स्वीकृति से पहले यह जांच लें कि हितग्राही के पास वैध रूप से आवास के लिए जमीन हो। अतिक्रमित भूमि में आवास स्वीकृत नहीं करना है। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना ▶▶ शेष पेज 11 पर

### समय सीमा की बैठक में तैयारियों की समीक्षा




#### धान बिक्री के लिए पंजीयन 31 तक

धान खरीदी के लिए नवीन पंजीयन हेतु जो किसान अब तक पंजीयन नहीं कराये हैं उन्हें 31 अक्टूबर तक अवश्यक रूप से पंजीयन कराने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जो किसान पहले से पंजीकृत हैं, उन्हें पुनः पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं है। नवीन पंजीयन अंतर्गत केवल छूटे हुए किसानों को ही पंजीयन कराना है।


पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप




### 27 नवंबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि आयोग द्वारा पूर्व में जारी नगर पालिका निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। कुछ जिलों द्वारा निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। जिलों से प्राप्त अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार उपरांत पूर्व में दावा आपत्ति प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि 23 अक्टूबर में 1 सप्ताह की वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 30 अक्टूबर अपरान्ह 3 बजे तक तथा दावे/आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तारीख शुक्रवार 8 नवंबर निर्धारित की गई है।

### केदार के ओएसडी बने वैद्य

**रायपुर।** वन मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी जितेंद्र कुमार गुप्ता की सेवाएं सहकारिता विभाग को वापस करते हुए प्रदीप कुमार वैद्य को श्री कश्यप का नया ओएसडी बनाया गया है। श्री वैद्य संयुक्त कलेक्टर कांकेर के पद पर कार्यरत हैं। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है।

### सीएचसी को मिलेगा बेहोश करने वाला डाक्टर

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर कसडोल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एनीस्थिसिया के डाक्टर की नियुक्ति की जाएगी। स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के दौरान उन्हें इस बारे में जानकारी हुई तो उन्होंने सीएमएचओ को डीएमएफ मद से डाक्टर की नियुक्ति के निर्देश दिए। उन्होंने हेल्थ सेंटर में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, ओपीडी, आईपीडी, पोषण पुनर्वास केन्द्र, डेंटल, फिजियोथिरेपी, पैथोलॉजी लैब, एक्सरे कक्ष, ट्रामा सेन्टर, ऑफिस, एनआरसी का निरीक्षण किया।

### रमन मंदिर वार्ड में गैस कनेक्शन वितरण



**रायपुर।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रमन मंदिर वार्ड में 180 महिलाओं को गैस कनेक्शन का वितरण विधायक पुरंदर मिश्रा एवं पार्षद सूर्यकांत राठौड़ द्वारा किया गया। विधायक पुरंदर मिश्रा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को धुएं से राहत दिलाने के लिए गरीब परिवार की महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन देने की योजना बनाई है।इससे जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्यरूप से जोन अध्यक्ष प्रमोद साहू,मोहन एंटी,गोरेलाल नायक,संजय शर्मा,धनेश साहू,केदार यादव,ललिता यादव,बृजेश रावत,विष्णु नामदेव,शंभू गुप्ता सहित वार्ड की महिलाएं उपस्थित थी।

### 1 सितंबर को राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस घोषित करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन एक राज्य स्तरीय संस्था है। इससे जुड़े 90 हजार से ज्यादा फोर व्हीलर वाहन के चालकों की समस्या सुलझाने के साथ ही ड्राइवर्स के अधिकार और सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। इसका हमें अभी तक अच्छा परिणाम मिला है। इस जानकारी के साथ हमने कलेक्टर सहित शासन, प्रशासन से तीन सूत्रीय मांग की है। पत्रकारवार्ता में यह जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सेन, उपाध्यक्ष हीरा सिंह नेताम ने बताया कि अहम मांगों में ड्राइवर आयोग का निर्माण, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड बनाने के साथ ही 1 सितंबर को राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस घोषित करने की मांग रखी है। इस पर अगर मई 2025 तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 15 जून से सभी ड्राइवर स्टेयरिंग छोड़ अनिश्चितकालीन हड़ताल का रूख करेंगे।

# पेंशन का पेंच, नगरीय निकाय नहीं दे रहे अंशदान का ब्योरा, कर्मी हो सकते हैं लाभ से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को अपने कर्मियों के पेंशन संबंधी अंशदान और निकाय अंशदान का ब्योरा नहीं दे रहे हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संचालनालय ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त (रायपुर को छोड़कर) एक आदेश जारी किया है कि अगले 15 दिनों में ये ब्योरा दिया जाए। ऐसा नहीं करने पर कर्मियों को अंशदान पर मिलने वाले आनुषांगिक लाभ नहीं मिलेंगे।

**जारी हुआ ये आदेश :** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने निगम आयुक्तों, सभी पालिका और नगर पंचायतों के सीएमओ. समस्त क्षेत्रीय कार्यालय यांत्रिकी प्रकोष्ठ सूडा को इस संबंध में आदेश जारी किया है। इन अधिकारियों को 1 नवंबर 2004 के बाद नियुक्त हुए अधिकारी-कर्मचारियों के नवीन अंशदायी पेंशन योजना के संबंध में मांगी गई जानकारी 15 दिनों में देने कहा है। साथ ही ये भी साफ किया गया है कि अगर 15 दिनों में जानकारी निर्धारित प्रारूप में नहीं भेजी जाती है तो ये माना जाएगा कि वर्तमान में दर्ज कर्मचारियों की राशि पूरी तरह से सही है और भविष्य में किसी प्रकार की मांग होने पर किसी प्रकार विचार नहीं किया जाएगा।

## अब 15 दिनों में देना होगा पूरा ब्योरा, संचालनालय ने जारी किया आदेश




### ये है मामला

1 नवंबर 2004 के बाद नगरीय निकायों में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों के नवीन अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत नवीन अंशदायी पेंशन की राशि हर माह की 7 तारीख तक कटौती कर संचालनालय के नवीन पेंशन खाते में जमा कर कटौती विवरण एवं बैंक रसीद संचालनालय को उपलब्ध कराने के निर्देश हैं। इस बात को लेकर पहले भी निकायों को निर्देश दिए जा चुके हैं। लेकिन अभी भी कई निकायों द्वारा समय पर राशि संचालनालय को नहीं भेजी जा रही है। अगर जानकारी भेजी भी जा रही है तो उसकी जानकारी निर्धारित प्रारुप में नहीं दी जा रही है। इसके साथ ही वर्तमान में संचालनालय के एनपीएस शाखा में आज दिनांक तक निकायों के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में भेजी गई जानकारी को आवश्यक कार्यवाही के लिए एनएसडीएल मुंबई को भेजी जा चुकी है एवं निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त राशि एनएसडीएल को भेजे जाने के लिए शेष नहीं है।

**चुनाव : 26 को भाजपा कार्यकर्ताओं का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन**

# आज भाजपा की नामांकन रैली, मुख्यमंत्री साय सहित कई बड़े नेता रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी 23 अक्टूबर को शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत भाजपा के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। रैली एकात्म परिसर से शुरू होकर कलेक्टोरेट तक निकाली जाएगी। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय एकात्म परिसर में सोमवार को दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए पूर्व सांसद सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद प्रथम बैठक आहूत की गई। बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संयोजक शिवरतन शर्मा, एवं श्यामबिहारी जायसवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, संभाग प्रभारी सौरभ सिंह मौजूद थे।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, रायपुर दक्षिण के कार्यकर्ताओं का कर्जदार हूं, जिन्होंने मुझे आठ बार विधानसभा चुनाव में जिताकर मुझे विधायक बनाया। रायपुर दक्षिण मेरा घर है। अब जनता की सेवा करने के लिए एक और विधायक सुनील सोनी के रूप में चुनना है। उन्होंने कहा, यह चुनाव भविष्य में होने वाले नगर निगम और पंचायत चुनाव के लिए संजीवनी साबित होगा। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर को कार्यालय उद्घाटन और दक्षिण विधानसभा सम्मेलन होगा।

**एकात्म परिसर में बनाई गई चुनाव की रणनीति**



### तीन विधायकों को मंडल का प्रभार

भाजपा ने चुनाव की रणनीति और कार्य योजना तैयार की है। रायपुर दक्षिण के विभिन्न मंडलों की जिम्मेदारी भाजपा विधायकों को सौंपी गई है और कार्यकर्ताओं को चुनाव से संबंधित भूमिकाएं दी जा रही हैं। चुनावी तैयारियों के तहत, विधायक पुरंदर मिश्रा को सिविल लाइंस मंडल, मोतीलाल साहू को पुरानी बस्ती मंडल और राजेश मूणत को लाखे नगर मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं केदार गुप्ता और अवधेश जैन को सदरबाजार मंडल का प्रभार सौंपा गया है।

### रिकार्ड बनाकर जीतना है : शर्मा

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवरतन शर्मा ने कहा, पूरे प्रदेश में जीत का वातावरण राजधानी से तय होता है। हमें इस बार जीतना ही नहीं, बल्कि रिकार्ड बना कर जीतना हासिल करना है। चुनाव प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, यह केवल रायपुर दक्षिण का चुनाव नहीं है, बल्कि रायपुर के सभी विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं का संकल्प का चुनाव है।

### जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे सफल बनाना है : मूणत

विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने कहा, पार्टी ने जो बड़ी जिमेदारी हम सब को सौंपी है, उसे सफल बनाना है। हमें इस चुनाव में पूरी मेहनत करनी है और विजय हासिल करने तक हमें रुकना नहीं है।

### शहर के विकास के लिए सदैव प्रस्तुत रहा हूं : सोनी

रायपुर दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी सुनील सोनी ने प्रत्याशी बनाए जाने पर सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा, रायपुर की जनता ने मुझे सभापति, महापौर, सांसद के रूप में देखा है। इस शहर के विकास के लिए सदैव प्रस्तुत रहा हूं। उन्होंने कहा, सांसद बनने के बाद मैंने रायपुर को विकसित शहरों की श्रेणी में लाया।

# अपनी ही छोड़ी हुई सीट पर बृजमोहन होंगे स्टार प्रचारक

मुख्यमंत्री, सभी मंत्री और पूर्व राज्यपाल बैस सहित 40 की सूची



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी के नाम की घोषणा के बाद प्रदेश भाजपा ने निर्वाचन आयोग को भाजपा के स्टार प्रचारकों के 40 नामों की सूची दी है। सूची में अपनी ही छोड़ी हुई सीट पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को स्टार प्रचारक बनाया गया है। वहीं सूची में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और पूर्व राज्यपाल रमेश बैस को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। सभी स्टार प्रचारक दक्षिण विधानसभा में सभाओं के माध्यम से भाजपा को वोट करने की अपील करेंगे।

### प्रदेश प्रभारी सहित कई विधायकों के नाम

जारी सूची में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, पूर्व सांसद सरोज पांडेय, लता उसेंडी, अजय जामवाल, पवन साय, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लखनलाल देवांगन, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर, गौरीशंकर अग्रवाल, राजेश मूणत, चंदू लाल साहू, प्रेम प्रकाश पांडेय, शिवरतन शर्मा, मधुसूदन यादव, निर्मल सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा, खुबचंद पारख, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, ललीत चंद्राकर, खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, गजेंद्र यादव, शालिनी राजपूत और नंदे साहू शामिल हैं।

# खाद्य संचालनालय के अतिरिक्त संचालक जायसवाल हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राशन बचत घोटाले में विभाग के अधिकारी कर रहे थे अफसर को हटाने की मांग

सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर खाद्य संचालनालय के अतिरिक्त संचालक राजीव कुमार जायसवाल को हटा दिया है। उन्हें खाद्य विभाग मंत्रालय में संयुक्त सचिव बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर नीलिमा एल्मा को मंत्रालय से संचालनालय में बतौर अतिरिक्त संचालक पदस्थ किया है। बताया जाता है कि खाद्य विभाग में 600 करोड़ के राशन बचत घोटाले में संचालनालय के अतिरिक्त संचालक का नाम प्रमुखता से आ रहा था। बताया गया है कि राशन बचत घोटाले को दबाने के लिए 13 हजार राशन दुकानों के घोषणापत्र गायब करा दिए गए। राशन दुकानदारों का कमीशन काट लिया गया। बाजार से नियम विरुद्ध चावल खरीद कर रखवाया गया। विभाग के मैदानी अमले पर कार्यवाही का दबाव डालने की कोशिश की गई। इन कारणों से खाद्य विभाग सहित प्रदेश के 13 हजार राशन दुकानदार हड़ताल पर चले गए। करोड़ों के राशन बचत घोटाले को लेकर पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। विभाग के अधिकारियों ने समिति से मांग की थी कि अतिरिक्त संचालक राजीव कुमार जायसवाल के खाद्य संचालनालय में पदस्थ रहते हुए निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।

### नए फरमान के विरोध के बाद कार्रवाई

हाल ही में खाद्य संचालनालय ने राशन दुकानों के राशन वितरण की जानकारी के लिए फिर घोषणापत्र का विकल्प देते हुए अब राशन के वितरण और बचत की पुष्टि खाद्य निरीक्षकों से कराने का निर्णय लिया है। खाद्य संचालनालय ने महीने की 1 से 10 तारीख के बीच इसकी पूरी जानकारी देने का नया फरमान जारी किया है। खाद्य निरीक्षकों ने इस पर आपत्ति जताते हुए इसे मानने से इनकार कर दिया था।

# घर के सामने बैठकर गपशप करने से मना करने पर चला चाकू

- आजाद चौक थाना क्षेत्र में रविवार देर रात की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आजाद चौक थाना क्षेत्र में घर के सामने बैठकर गमशप करने से मना करने के विवाद पर दो पक्षों में जमकर मारपीट तथा चाकूबाजी हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक एचएमटी चौक हांडीपारा निवासी तुषार पंडित की शिकायत पर पुलिस ने फरहान रजा, सल्लू उर्फ सलमान, अदनान रजा तथा मोहम्मद हुसैन को गिरफ्तार किया गया है। तुषार ने पुलिस को बताया है कि चारों लड़के उसके घर के सामने बैठकर गपशप करते हैं। घटना दिनांक को तुषार ने लड़कों को घर के सामने बैठकर गपशप करने से मना किया, तो इससे नाराज होकर लड़कों ने पुरानी रंजिश की बात को लेकर तुषार के साथ विवाद करते हुए मारपीट की। इस दौरान सल्लू तथा फरहान ने अपने पास रखे चाकू से तुषार की जांघ पर वार कर दिया।

*बचाने आए पिता के मुंह पर मुक्का मारा : तुषार ने पुलिस को बताया है कि बाहर शोरगुल सुन उसके पिता सुनील पंडित उसे बचाने के लिए आए, तो मौके पर उपस्थित मोहम्मद हुसैन ने तुषार के पिता के मुंह पर मुक्का मार दिया। मुंह पर मुक्का मारने की वजह से तुषार के पिता का दांत टूट गया और मुंह से खून निकलने लगा। फरहान की शिकायत पर पुलिस ने तुषार के खिलाफ मारपीट करने का अपराध दर्ज किया है। मारपीट की घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी।*

# प्रदेश में भाजपा की सदस्यता का आंकड़ा 50 लाख पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया कि अब तक की प्रगति की समीक्षा के लिए केंद्रीय समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की जानकारी प्रस्तुत की गई। सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित भाजपा केंद्रीय समिति की बैठक में बताया गया कि प्रदेश में भाजपा की सदस्यता का आंकड़ा 50 लाख पार हो गया है। प्रदेश में 3 सितम्बर से भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई थी। 19 अक्टूबर की रात्रि 8 बजे तक भाजपा ने अपनी रिकॉर्ड सदस्य संख्या 50,09,658 के आंकड़े को पार कर लिया है। अब प्रदेशभर में सक्रिय सदस्यता के लिए भी अभियान चल रहा है। श्री सिंहदेव ने कहा, भाजपा की सदस्यता लेने के लिए प्रदेश में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। सदस्यता की विभिन्न स्तरों पर प्रक्रिया सुनिश्चित की गई थी, इसलिए इस अभियान में समय काफी लगा है। इधर इस पूरी अवधि में काफी तीज-त्योहार भी पड़े। बावजूद इसके, प्रदेश में भाजपा सदस्यों की संख्या 50 लाख पार हो जाना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 34,09,158 लोगों को फार्म भरकर सदस्यता दिलाई गई। 6.40 लाख सदस्य मिस्ड कॉल के जरिए बने।

# राज्य पुलिस सेवा के 11 अफसरों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ट्रैफिक एएसपी ओम प्रकाश शर्मा मुख्यालय अटैच
- नीरज चंद्राकर को एसपी इन्वेस्टिगेसन का प्रभार

राज्य शासन के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय ने 11 एडिसनल एसपी रैंक के पुलिस अफसरों का सोमवार को स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जिन पुलिस अफसरों का ताबादला किया गया है, उनमें रायपुर ट्रैफिक एएसपी ओम प्रकाश शर्मा को पुलिस मुख्यालय में अटैच किया गया है। इसके अलावा एएसपी बिलासपुर के पद पर पदस्थ नीरज चंद्राकर का स्थानांतरण स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) पुलिस मुख्यालय किया गया है। जिन पुलिस अफसरों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें पुलिस मुख्यालय में विशेष आसूचना शाखा एएसपी के पद पर पदस्थ विमल कुमार बैस का स्थानांतरण जांजगीर 11 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल जांजगीर किया गया है। इसी तरह से मुख्य मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात एएसपी हरीश राठौर माना स्थित सेनानी वीआईपी सुरक्षा, प्रशांत कतलम का राजनांदगांव उप सेनानी आठवीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल से सेनानी 10 वीं वाहिनी सूरजपुर किया गया है। खैरागढ़ में एएसपी के पद पर पदस्थ नेहा पाण्डेय का स्थानांतरण आठवीं वाहिनी राजनांदगांव किया गया है। नीरज चंद्राकर एएसपी बिलासपुर से एसपी एसआईए पुलिस मुख्यालय, एएसपी कांकेर मनीषा रावटे का स्थानांतरण सेनानी 20 वीं वाहिनी महासमुंद, ओम प्रकाश शर्मा एएसपी ट्रैफिक रायपुर से एसपी विशेष आसूचना शाखा पीएचक्यू, गायत्री सिंह उप सेनानी तीसरी वाहिनी दुर्ग अमलेश्वर से सेनानी सातवीं वाहिनी भिलाई, कमलेश्वर प्रसाद चंदेल एएसपी सारंगढ़-बिलाईगढ़ से सेनानी 17 वीं वाहिनी कबीरधाम, निवेदिता पाल उप सेनानी चौथी वाहिनी माना से सेनानी छठवीं वाहिनी रायगढ़ तथा सुजीत कुमार का स्थानांतरण सेनानी 10 वीं वाहिनी सूरजपुर से पुलिस मुख्यालय स्थानांतरण किया गया है।

**नगर निगम और राज्य सरकार के पास दक्ष चलाने फंड नहीं**

# आईटीएमएस संचालन के लिए 5 माह का मिला एक्सटेंशन, फंड का रोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केंद्र ने दी सलाह, खुद फंड जनरेट करें, स्मार्ट सिटी के बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में होगा निर्णय

शहर के चप्पे-चप्पे की गतिविधि पर नजर रखने वाले दक्ष सेंटर को चलाने नगर निगम के पास फंड नहीं है। न ही राज्य सरकार से फंड मिलेगा। ऐसे में अब रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड अपने 200 करोड़ के अहम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के संबंध में बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में निर्णय लेगा कि दक्ष संचालन के लिए रीटेंडर किया जाए या नहीं। हालांकि केंद्र सरकार ने राजधानी के जयस्तंभ चौक स्थित इंटेलिजेंस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट को 31 मार्च 2025 तक एक्सटेंशन दिया है, पर साथ में सलाह दी है कि नगर निगम खुद इसके लिए फंड जनरेट करे। दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के वर्ष 2015 -16 में 200 करोड़ के आईटीएमएस सेंटर दक्ष का संचालन व संधारण करने 7 वर्षों के लिए लार्सन एंड टूब्रो कंपनी को अनुबंधित किया है। अनुबंधित एजेंसी का कार्काल नवंबर माह में समाप्त होने वाला है। इन 8 सालों में तकनीक में बदलाव के साथ ही साफ्टवेयर को अपग्रेड करने की जरूरत है, लेकिन आईटीएमएस अभी उसी पुरानी तकनीक पर काम कर रहा है। इसे अपग्रेड स्मार्ट सिटी के पास फंड नहीं है। ऐसे में अगले माह से दक्ष के संचालन व संधारण को लेकर दिक्कतें आ सकती हैं। हालांकि केंद्र सरकार से आईटीएमएस प्रोजेक्ट को 5 महीने का एक्सटेंशन दिया गया है, पर इसमें रायपुर स्मार्ट सिटी को इसके संचालन के लिए खुद फंड की व्यवस्था अपने साधनों से करनी होगी।




### स्मार्ट सिटी भेज रहा शासन को वित्तीय प्रस्ताव

सूत्रों के मुताबिक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड शासन को एक वित्तीय प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए भेज रहा है, जिसमें यह सुझाव दिया गया है, आईटीएमएस से चालानी कार्रवाई को 3 से 5 फीसदी बढ़ाई जाए। दक्ष की मदद से शहरभर के प्रमुख चौराहों पर लगाये गए सीसीटीवी कैमरे यातायात उल्लंघन करने वालों से चालान के रूप में मिलने वाली पूरी राशि वर्तमान में वित्त विभाग को चली जाती है। इसके स्थान पर इस राशि में से आईटीएमएस को भी एक निश्चित अनुपात में राशि प्रदान की जाए, जिससे कि इस प्रोजेक्ट का संचालन व संधारण सुगमता पूर्वक किया जा सके।

**हर महीने 50 लाख लोगों का चालान, अमल 10 हजार पर:** रायपुर स्मार्ट सिटी की हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई कि हर महीने दक्ष कमांड सेंटर से यातायात नियम तोड़ने वाले 50 लाख लोगों का चालान जनरेट किया जाता है लेकिन इस पर अमल बमुश्किल 10 हजार लोगों पर ही हो पाता है। अगर इस सिस्टम को मजबूत बना दिया जाए, तो आईटीएमएस के संचालन व संधारण में आसानी होगी।

# उप चुनाव के लिए तीन ने नामांकन दाखिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उप चुनाव के अंतर्गत अभी तक तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में सोमवार को शबिस्ता खान, सुषमा अग्रवाल, महेंद्र कुमार बाघ ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। उल्लेखनीय है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

### 20 नामांकन पत्रों की बिक्री

*रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए 20 अभ्यर्थियों ने 20 नामांकन खरीदा है। सोमवार को भारतीय सर्वजन हिताय समाज पार्टी से विक्रम आडवानी, अखिल भारतीय जन संघ समर्थित रवि कुमार श्रीवास, निर्दलीय हाजी हैदर भाटी, नंदिनी नायक, सर्व आदी दल से अंकुश नंदराम बरीयेकर, शक्ति सेना भारत-देश से सविता बंजारे ने नामांकन पत्र खरीदा है।*

## खबर संक्षेप




### आईटीएम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का वृद्धाश्रम भ्रमण

**रायपुर।** स्व. कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैंप में आईटीएम विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट में अध्ययनरत विद्यार्थियों के एक समूह ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मिलकर उन्हें भोजन कराया और मिठाई बांटी। साथ ही सूखा अनाज भी प्रदान किया गया। विद्यार्थियों ने दीपावली के पूर्व सामाजिक सरोकार के दृष्टिकोण से असहाय निराश्रित बुजुर्गों से मिलकर उन्हें कुछ पल की खुशियां बांटीं। इस अवसर पर अनीश बैनर्जी, डॉ. अमिय जानी, गुंजन सिन्हा, छात्र छात्राओं का समूह, वृद्धाश्रम की वार्डन पारुल चक्रवर्ती, लीला यादव उपस्थित रहे।

### मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम का एजाजी प्रोग्राम



**रायपुर।** मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम का एजाजी प्रोग्राम गत दिनों शहीद स्मारक भवन रायपुर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएसटी कमिश्नर मो. अबु समा, मोटिवेशनल स्पीकर प्रो. वाजिद अली औरंगाबाद, मौलाना रिजवान लूतरा शरीफ रहे। करीब 400 छात्र-छात्राओं का सम्मान कर आगे भी अच्छी शिक्षा हासिल करने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में फाउंडर मेंबर/फोरम के सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों का खास योगदान रहा।

### निमोरा में होगा रूद्र महायज्ञ, जल और मिट्टी एकत्र करने में जुटे



रायपुर। निमोरा में प्रस्तावित अति रुद्र महायज्ञ की तैयारी के लिए भवानी भवन मूर्ति कला केंद्र के प्रसिद्ध मूर्तिकार पीलू राम साहू चार धाम भारतवर्ष के 24 तीर्थ, प्रमुख नदियों, महासागरों का जल और मिट्टी एकत्र करने में लगे हुए हैं। वर्तमान में धर्मस्थलों नदियों और महासागरों की मिट्टी और जल एकत्र करने के लिए भारतवर्ष के दक्षिण क्षेत्र में यात्रा कर रामेश्वरम तिरुपति मदुरै और वहां के महासागर की मिट्टी और जल एकत्र करने में लगे हुए हैं। यह इनका अंतिम चरण है, जब पूरे भारतवर्ष के लगभग 300 धर्मस्थलों, चार धाम, 12 ज्योतिर्लिंग, नदियों तथा महासागरों का जल लेने भारत के दक्षिण राज्यों के भ्रमण पर है।

# नहीं मिले पर्याप्त आवेदन, जीरो परसेंटाइल में बीएससी प्रवेश को हरी झंडी का इंतजार

## सहमति के लिए नर्सिंग काउंसिल को चिकित्सा शिक्षा विभाग भेजेगा चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आवेदन का एक और मौका देने के बाद भी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पर्याप्त छात्र नहीं मिले। बीएससी नर्सिंग के प्रवेश के लिए जीरो परसेंटाइल के नियम को अनुमति देने के लिए आईएनसी से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग नर्सिंग काउंसिल को पत्र भेजने की तैयारी में है।

नर्सिंग पाठ्यक्रमों में एडमिशन का हाल काफी बुरा है। शासकीय कालेजों में तो प्रवेश किसी तरह पूरा हो जाता है, मगर निजी कालेजों की स्थिति काफी बुरी हो जाती है। इस बार भी एमएससी समेत अन्य नर्सिंग विषयों में एडमिशन के लिए निजी कालेजों में छात्रों का टोटा पड़ा है। खासकर बीएससी नर्सिंग में एडमिशन के लिए 4775 सीटें खाली हैं जो बड़ा आंकड़ा है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने इन सीटों पर एडमिशन के प्रवेश परीक्षा में पात्र हुए अभ्यार्थियों से पुनः आवेदन मंगाया था, मगर अनुमान के विपरीत बेहद कम संख्या में लोगों ने रुचि दिखाई। सोमवार को प्राप्त आवेदनों के आधार पर 560 लोगों की मेरिट लिस्ट जारी कर उन्हें 25 अक्टूबर तक प्रवेश का वक्त दिया गया है।

सूत्रों का कहना है कि इसके बाद खाली सीटों का हवाला देते हुए न्यूनतम अंक के नियम को समाप्त कर जीरो परसेंटाइल के आधार पर प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को पात्र किए जाने की मांग की जाएगी। नर्सिंग विषयों में भी एडमिशन की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर तय की गई है, इसलिए जीरो परसेंटाइल पर प्रवेश अगले तीन चार दिनों में प्रारंभ किए जाने की संभावना है।

**खास बातें**

- राज्य के निजी नर्सिंग कालेजों में खाली हैं बीएससी की 4775 सीटें
- 25 अक्टूबर तक प्रवेश का वक्त दिया गया



### एमएससी का भी हाल बुरा

बीएससी की तरह एमएससी नर्सिंग एडमिशन का भी हाल बुरा है। एमएससी के नए ऑनलाइन आवेदन की संख्या 153 है, जबकि खाली सीट 416 है। इसी तरह पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 232 सीटों के लिए 115 लोगों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। इन पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर ही तय की गई है।

# दीपावली से अधिक छठ पूजा में वेटिंग सारनाथ में 260, स्पेशल में भी 144

## अब स्लीपर में वेटिंग यात्रियों से बढ़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली से पहले ट्रेनों में घर जाने की भीड़ अब बढ़ने लगी है। वर्तमान में आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों का मार्ग रेलवे ने परिवर्तित कर दिया है, जिससे यात्रियों को दिक्कत हो रही है। मुंबई से हावड़ा रूट पर यात्रियों की भीड़ अधिक है। रायपुर से उत्तरप्रदेश व महाराष्ट्र समेत दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में अब सफर करना मुश्किल होने लगा है। बड़ी संख्या में अब वेटिंग यात्री एक बार फिर से सफर करने लगे हैं, जबकि रेलवे ने ऐसे यात्रियों को सफर करने पर प्रतिबंध लगाया था।

- दीपावली के नजदीक आते ही स्टेशन में बढ़ी यात्रियों की आवाजाही रोजाना 70 हजार कर रहे सफर

हरिभूमि ने जब ट्रेनों में बुकिंग को लेकर पड़ताल की, तो पता चला, बिहार और उत्तरप्रदेश रूट की ट्रेनों में दीपावली से अधिक छठ पूजा के दौरान भीड़ है। ट्रेनों में वेटिंग 200 से अधिक हो चुकी है। सारनाथ, साउथ बिहार समेत दुर्ग-कानपुर ट्रेनों में 1 से 7 नवंबर के बीच भारी वेटिंग है। इसके बाद भी रेलवे ने बुकिंग बंद नहीं की है। पर्व से दो दिन पहले 29 अक्टूबर को रायपुर से दिल्ली जाने वाली समता के स्लीपर में 60 वेटिंग है। उधमपुर एक्सप्रेस में 50 और छत्तीसगढ़ 40 है। भोपाल जाने समता एक्सप्रेस में भी ट्रेन की कुल वेटिंग अभी 60 के पार है। एक्सप्रेस ट्रेनों में कन्फर्म सीट नहीं मिलने से अब बड़ी संख्या में लोग प्रीमियम ट्रेनों का टिकट खरीदने लगे हैं।

### छठ में घर जाने नहीं मिल रहा टिकट

शहर के सॉफ्टवेयर तेजपाल सिंह घर पर छठ मनाने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन ट्रेनें उनकी व उनके स्वजन की खुशियों में राह का रोड़ा बन गई हैं। किसी भी ट्रेन का कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा। अब उनकी समझ में नहीं आ रहा क्या करें। बातचीत में कहते हैं कि अब तो प्राइवेट बसों पर ही भरोसा है, लेकिन प्राइवेट बस संचालकों ने भी त्योहारों में किराया बढ़ा दिए हैं। एक यात्री की दो से ढाई हजार रुपये में टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। 1 से 5 नवंबर के बीच सारनाथ व साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन में वेटिंग 150 से 250 तक है। ऐसे यात्री को कंफर्म टिकट मिलने की संभावना शून्य है। स्पेशल ट्रेन में भी वेटिंग 100 पार कर चुकी है। ट्रेन से छपरा या फिर पटना जाना भी मुश्किल है।



### ट्रेनों में नो रूम जैसी स्थिति

यात्रियों की आवाजाही इतनी तेजी से बढ़ी है कि अब सभी ट्रेनों में केवल वेटिंग टिकट ही यात्रियों को मिल रहा है। इसीलिए सूची लंबी होती है। हालात ये हैं कि बिना अतिरिक्त कोच लगाए किसी यात्री का रिजर्वेशन टिकट कंफर्म होने वाला नहीं है। रेलवे के मुख्य रिजर्वेशन ऑफिस के अनुसार नवंबर के पूरे महीने तक पूरी तरह से ट्रेनें पैक हो चुकी हैं। ऐसा कोई कोच नहीं, जिसमें वेटिंग सूची 100 के करीब न चल रही हो। ऐसे में ट्रेनों में अब नो रूम जैसी स्थिति बन चुकी है। जल्द ही रेलवे यात्रियों की संख्या बढ़ने से उन ट्रेनों की बुकिंग बंद कर सकता है।

### दोगुना हुई यात्रियों की आवाजाही

रेलवे का सबसे पीक यात्री सीजन दीपावली है। वर्तमान में यात्रियों की आवाजाही दोगुना से ज्यादा बढ़ गई है। सामान्य दिनों में जहां 60 से 70 हजार लोग सफर करने हैं। जितनी भीड़ ट्रेनों में रहती है, उतनी ही प्लेटफार्म पर ट्रेन आने के दौरान नजर आने लगी है। रायपुर स्टेशन होकर आने-जाने वाली एक्सप्रेस, मेल, सुपरफास्ट किसी भी ट्रेन में केवल वेटिंग टिकट ही यात्रियों को मिल रहा है। सबसे अधिक वेटिंग बिहार और यूपी वाली ट्रेनों में हुई है। क्योंकि दिवाली पर्व के चार दिन बाद से छठ पूजा पर्व है। ऐसे में दुर्ग-सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-साउथ बिहार एक्सप्रेस हो या सिकंदराबाद-दरभंगा और बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस किसी में भी टिकट कंफर्म होने की कोई उम्मीद नहीं है। क्योंकि किसी हर श्रेणी के कोच में अब नीचे बैठने तक की जगह यात्रियों को मिल पाना मुश्किल होगा।

# राष्ट्रपति की सुरक्षा में आठ डीआईजी, 10 एसपी रैंक के अफसर होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रही हैं। राष्ट्रपति 25 तथा 26 अक्टूहर को रायपुर, भिलाई में दीक्षांत समारोह में शामिल होने के साथ अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर राष्ट्रपति भवन ने पहले से ही मिनट टू मिनट कार्यक्रम राज्य सरकार को भेज दिया है। राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ प्रवास को देखते हुए डीजीपी अशोक जुनेजा ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। राष्ट्रपति की सुरक्षा की कमान रेंज आईजी अमरेश मिश्रा को सौंपी गई है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के मुताबिक राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तथा राष्ट्रपति जहां-जहां जाएंगी, वहां अलग-अलग अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए दूसरे जिलों के अफसर तथा बल बुलाए घए हैं। राष्ट्रपति की सुरक्षा में आइजी अमरेश मिश्रा के नेतृत्व में आठ डीआइजी और करीब 10 एसपी रैंक के अफसर तैनात रहेंगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और डीएसपी रैंक के करीब दो दर्जन से ज्यादा अफसरों की ड्यूटी राष्ट्रपति की सुरक्षा में लगाई गई है।



### इन अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है

राष्ट्रपति की सुरक्षा में पुलिस महानिरीक्षक रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा, डा. संतोष कुमार सिंह, प्रशांत कुमार अग्रवाल, एसएसपी बालाजी राव सोमावार, अभिषेक मीणा, सुजीत कुमार, डा. अभिषेक पल्लव, प्रशांत ठाकुर, मिलना कुर्रे, अमित तुकाराम कांबले, धर्मेंद्र सिंह तथा सचिंद्र चौबे की ड्यूटी लगाई गई है।

### रिंग रोड पर आवाजाही होगी प्रभावित

ट्रैफिक एएसपी ओम प्रकाश शर्मा के मुताबिक राष्ट्रपति के रायपुर प्रवास के बाद राष्ट्रपति की आवाजाही रिंग रोड एक से होगी। इस लिहाज से राष्ट्रपति के आवाजाही करने के समय रिंग रोड में भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी जाएगी। राष्ट्रपति किसी कार्यक्रम में शामिल होंगी, उस समय धीरे-धीरे कर भारी वाहनों को छोड़ा जाएगा। राष्ट्रपति के कार्यक्रम समाप्त होने के पूर्व पुनः भारी वाहनों को रोक दिया जाएगा। ट्रैफक अफसर के अनुसार जरूरत के मुताबिक ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा।

# शहीद संतराम की याद में छात्रों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

पीएम श्री गुरु घासीदास शासकीय उच्च माध्य अंग्रेजी माध्यम के बच्चों ने पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद संतराम साहू की शहादत को याद किया।

विद्यालय से रैली निकालकर बाजार चौक होते हुए जनपद पंचायत में शहीद संतराम साहू के स्मारक तक शहीद संतराम साहू अमर रहे का नारा लगाते हुए गए। जहां प्राचार्य ने सब इंस्पेक्टर नायक के साथ संतराम साहू के स्मारक में माला पहनाकर, नारियल, अगरबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद संतराम साहू हमारे विद्यालय के गौरव थे, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति राजनांदगांव के मदनवाड़ा में नक्सली मुड़भेड में देकर नगर को गौरवान्वित किया है। हमें उनके जज्बे को सैल्यूट करना चाहिए तथा बच्चों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करते हुए सभी 1 मिनिट का मौन धारण कर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस रैली में प्राचार्य के साथ एस आई नायक, मुंशी कुर्रे व समस्त स्टाफ उपस्थित थे।



# ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाईकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका, सुनवाई 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ध्वनि प्रदूषण को लेकर लगातार शिकायतों के बाद भी इसकी अनदेखी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राकेश चौबे ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में ध्वनि प्रदूषण मामले पर एक हस्तक्षेप याचिका लगाई है। यह याचिका चीफ़ जस्टिस रमेश सिन्हा के बेंच में दायर की गई है, जिसें बेंच ने हस्तक्षेप एप्लिकेशन के रूप में स्वीकार कर लिया है।

श्री चौबे ने बताया कि कि उन्होंने वर्तमान में डीजे और ध्वनि प्रदूषण को लेकर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पर्यावरण विभाग के सचिव और छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल सदस्य सचिव के अलावा जिला कलेक्टर रायपुर को लिखित में शिकायत की थी। इसमें इस बात से अवगत कराया था कि सर्वोच्च न्यायालय और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना हो रही है। इस विषय को लेकर एक याचिका उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इस पर अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होगी। पूर्व में एक पिटीशन नागरिक संघर्ष समिति के डॉक्टर राकेश गुप्ता ने भी फाइल की थी। इस याचिका पर उन्होंने हस्तक्षेप याचिका अपने एडवोकेट हिमांशु रस्तोगी के मार्फत से लगायी है और यह भी मांग की है कि दिल्ली की तर्ज पर छत्तीसगढ़ राज्य में भी शिकायत के लिए एक आनलाइन पोर्टल बनाया जाए, क्योंकि और भी राज्यों में इस तरह की व्यवस्थाएं हैं, जिसे पिटीशन के मार्फत न्यायालय के सम्मुख रखा है। राकेश चौबे ने कहा है, छत्तीसगढ़ में ध्वनि प्रदूषण को लेकर लगातार शिकायतें राज्य सरकार के पास भी पहुंच रही हैं, मगर कोई ठोस व गंभीर कार्रवाई नहीं होने से ऐसे तत्वों के हौसले बढ़े हुए हैं।

### उपासने भाइयों में विवाद एक-दूसरे पर लगाए आरोप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बीजेपी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने और उनके बड़े भाई जगदीश उपासने का विवाद खुलकर सामने आ गया है। जगदीश उपासने का आरोप है कि सच्चिनानंद ने मां के ऑफिस और घर से ताला तोड़कर सारा सामान निकाल लिया है। सच्चिदानंद उपासने पूर्व विधायक रजनी उपासने के बेटे हैं। वहीं, सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि उनके भाई भूपेश बघेल के मित्र हैं। कांग्रेसियों के साथ मिलकर बीजेपी को बदनाम करने में लगे हैं। उन्होंने मुझे 2 थप्पड़ मारे हैं, लेकिन वह थाने नहीं जाएंगे, क्यों परिवार का मामला है।

थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने ने कहा, मेरा वहां पर 1980 से कार्यालय था। अब नया मकान बनवा लिया हूं। अतः वहां से सामान निकालने के लिए गया था। कार्यालय का ताला काफी पुराना था, उसमें जंग लग गया था, अतः मैंने गोलबाजार से ताला खोलने वाले को बुलाया। जंग लगे होने के कारण वह भी नहीं खोल पाया, तो ताला तोड़ने कहा। वहां से मैंने फर्नीचर और कुछ सामना निकाला था। वहां पर लोकतंत्र सेनानी संगठन का चेक बुक और कई दस्तावेज रखे थे उसे भी निकाल रहा था, उसी समय यह वाक्या हुआ। मुझ पर मेरे बड़े भाई ने डकैती डालने का आरोप लगाते हुए मारपीट की, पर मैं बड़े भाई को पिता तुल्य मानता हूं, इसलिए कोई प्रतिक्रया नहीं व्यक्त की।

# फेडरेशन की हड़ताल फरवरी तक स्थगित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अपने आगामी चरण के आंदोलन को फरवरी तक स्थगित कर दिया है। राजधानी में फेडरेशन प्रमुख कमल वर्मा की अगवाई में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बड़ी बैठक आयोजित हुई। इसमें कर्मचारियों के मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई। बैठक में रायपुर दक्षिण उपचुनाव और प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए फेडरेशन की हड़ताल फरवरी तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में व्याख्याता नित्यानंद यादव पर हुई कार्रवाई को अनुचित बताया गया। कोरबा के व्याख्याता नित्यानंद ने सोशल मीडिया में डीए को लेकर एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए डीईओ की अनुशंसा पर डीपीआई ने व्याख्याता को सस्पेंड कर दिया था। फेडरेशन की बैठक में नित्यानंद यादव के निलंबन मुद्दे पर बहाली का मांगपत्र सौंपने का फैसला लिया गया है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा और डीपीआई को भी फेडरेशन की नाराजगी से अवगत कराया गया है। प्रांतीय प्रवक्ता जीआर चंद्रा ने फेडरेशन के साथ निहारिका बारीक कमेटी के हुई चर्चा को बैठक में विस्तार से अवगत कराया।







## पेज 9 के शेष

### चेक बाउंस में...

घासीराम ने केवल 1 लाख रुपये का भुगतान किया और शेष राशि बाद में देने का वादा किया, लेकिन एक महीने के बाद भी भुगतान नहीं किया।

### दस्तावेज लेखक एवं ...

अपनी आजीविका की सुरक्षा की गारंटी के साथ पूर्व में दिए गए ज्ञापन में दर्शित विभिन्न मांग के साथ समस्त दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेताओं को पंजीयन विभाग में समायोजित किए जाने की मांग कर रहे हैं।

### लखबीर सिंह का...

रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने हेतु लोगों को आने वाली वाहनों की पार्किंग हेतु स्थान चयनित कर समुचित व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने नगरवासियों के आग्रह किया है कि पहली बार नगर में होने वाले भव्य आयोजन को सफल बनाने एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने में अपना सहयोग दें।

### धान खरीदी केंद्रों...

की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह राज्य शासन की विशेष योजना है, जिसमें गरीबी रेखा से नीचे जीवन–यापन करने वाले विभिन्न बीमारी से पीड़ितों को इलाज के लिए 25 लाख तक सहयता दी जाती है। उन्होंने उच्च न्यायलय द्वारा जारी आदेशों का परिपालन समय–सीमा में करने तथा प्रकरणों में जवाब–दावा समय सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक पुराने शासकीय वाहनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए एमएमटीसी पोर्टल में पंजीयन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने लम्बे समय तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही में तेजी लाने कहा।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# समाज कमजोर व्यक्ति का सहयोग करे ताकि उसका जीवन स्तर ऊपर उठ सके

## कन्नौजिया जायसवाल समाज के अधिवेशन में शामिल हुए विधायक इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने में अक्षम है, इसलिए समाज युवाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करें, ताकि समाज के कमजोर वर्ग को सहयोग कर उनका जीवन स्तर उठाने मदद हो सके। उक्त बातें विधायक इंद्र साव ने ग्राम बड़े पासीद में आयोजित कन्नौजिया जायसवाल समाज के एक दिवसीय अर्धवार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए।

विधायक इंद्र साव ने सहस्त्रबाहू भगवान और बहादुर कलारीन दाई के छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पित करने के पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि जायसवाल समाज शुरू से मेहनत कश समाज है।



### कलश यात्रा निकाली

प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद जायसवाल के नेतृत्व में महामाया मंदिर से मांदर-झांझ-मंजीरा के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता रामाधार जायसवाल, उपाध्यक्ष मनसाराम, कोषाध्यक्ष सुखदेव जायसवाल, अंकेक्षण त्रिजूगी नारायण, सचिव शिव कुमार जायसवाल, सह सचिव दशरथ जायसवाल, जिलाध्यक्ष बिलासपुर मालिक राम जायसवाल, जिलाध्यक्ष जांजगीर-चांपा देव कुमार जायसवाल, जिलाध्यक्ष बलौदा बाजार टीकाराम जायसवाल, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ-रामगोपाल जायसवाल, कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष धीरेंद्र जायसवाल, मीडिया प्रभारी-राकेश जायसवाल, मनीराम, धनीराम सहित काफी बड़ी संख्या में स्वजातीयगण उपस्थित थे।

किसी भी समाज के विकास उत्थान के लिए समाज में शिक्षा का स्तर भी ऊंचा होना चाहिए, ताकि समाज के युवा रोजगार के लिए ना भटके, बल्कि अपना स्वयं का रोजगार पैदा कर दूसरों को रोजगार दे सके। विधायक साव ने समाज की मांग पर एक सामाजिक भवन निर्माण की घोषणा की, जिसका उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। विधायक ने उन्हें आमंत्रित करने के लिए समाज का धन्यवाद दिया और विश्वास दिलाया कि समाज को जब भी उनकी जरूरत होगी, वे समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इसके पूर्व विधायक इंद्र साव का कार्यक्रम स्थल ग्राम बड़े पासीद पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद जायसवाल, उपसरपंच योगेश्वरी जायसवाल सहित सामाजिकजनों ने स्वागत किया।

## आयोजन : शिविर में लगभग 471 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

# 'नशा' से बचने छात्रों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले के युवाओं को नशा से बचाने के लिए नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को पं. चक्रपाणी हायर सेकण्डरी एवं माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के लगभग 471 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है।

नशे की लत से पीडित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है। शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब गांजा, भांग, अफिम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और घुमपान सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है। नशे से छुटकारें हेतु नशा मुक्ति केन्द्र भी संचालित किया जा रहा है, जिसमें रहने की व्यवस्था, दवाइयों की व्यवस्था, उचित मनोचिकित्सकों की व्यवस्था भी की गई है एवं नशामुक्ति केन्द्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम कराया जाता है।

राज्य शासन के निर्देशानुसार जीवन जीने की कला जिसे अंग्रेजी में आर्ट ऑफ लिविंग कहा जाता है। इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम, मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल सहित समाज कल्याण विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं को दी स्वच्छता की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय भटभेरा एवं मोहरा में किशोरी बालिका स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य केंद्र मोहरा से सामुदायिक स्वस्थ अधिकारी नंदनी साहू एवं भटभेंरा स्वास्थ्य केंद्र के दुर्गा ध्रुव द्वारा उपस्थित किशोरी बालिकाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं इस समय होने वाली समस्या एवं समाधान के पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के आयोजन हेतु विद्यालय प्रबंधन ने अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान उपस्थित छात्राओं को सेनेट्री नैपकिन भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य शिक्षिका शकुन वर्मा, अनुजा बंजारे, सोनाली ठाकरे, ग्रामीण विकास विभाग से रामनिहोर साहू, प्रीतम पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए रखा करवा चौथ का व्रत...



**गिधौरी।** अंचल के गांवों में रविवार को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ व्रत रखकर पति की लम्बी आयु और वैवाहिक जीवन और सुख समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रख पति की दीर्घायु की कामना की। व्रत में भगवान शिव, माता पार्वती, करवा माता, कार्तिकेय और गणेश की विधि विधान पूजा अर्चना कर चंद्रदर्शन और उन्हें अर्ध्य देने के बाद व्रत खोला गया। गिधौरी सहित शिवरीनारायण, टुण्डरा, घटमडवा, कुम्हारी, खपरीडीह, पुलेनी, नरधा, गिरौदपुरी, बरपाली सहित आसपास में महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। सुहागिन महिलाएं अपने पति के हाथों से गिलास, लोटे में जल पीकर उपवास पूर्ण की

# जल जीवन का अभिन्न हिस्सा, पानी की बर्बादी रोकने एकजुट होकर करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

बोइडीह में मंगलवार को जल उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों, स्थानीय समुदायों और पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को समझाना और जल की बर्बादी को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच रूखमणी तेहरवंश ने किया। उन्होंने कहा, जल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हमें इसे बचाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। जल केवल जीवन के लिए ही आवश्यक नहीं है, बल्कि इसका उपयोग कृषि, उद्योग, परिवहन, घरेलू कामों और स्वास्थ्य के लिए भी किया जाता है। मानव शरीर का लगभग 60 प्रतिशत भाग में पानी है और यह विभिन्न शारीरिक क्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जल उत्सव के इस मंच पर खड़ी होकर अपनी कहानी साझा करना चाहती हूं। मेरी कहानी जल की महत्ता और उसके संरक्षण के बारे में है। मेरे गांव में जल की कमी थी, लेकिन मैंने जल संचयन के लिए काम किया और आज मेरा गांव जल संपन्न है। आप सभी जल की महत्ता को समझें और उसके संरक्षण के लिए काम करें। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सब इंजीनर संदीप लॉरेंस जिला समन्वयक राजकुमार कोशले, मनोज कुमार राठौर, मंजु गायकवाड़ एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



## केवाईसी के नाम पर शिक्षक से 2 लाख 92 हजार की धोखाधड़ी

**महासमुंद।** पीएम किसान सम्मान निधि केवाईसी करने के नाम पर ओटीपी पूछने के बाद अज्ञात आरोपी ने एक शिक्षक के बैंक खाते से 2 लाख 92 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर ली। फ्रॉड के शिकार हुए शिक्षक ने बसना थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बसना पुलिस को बरेकेल निवासी व वर्तमान में फुलझर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगतदेवरी में व्याख्याता त्रिलोक कुमार पारेश्वर पिता हरीशचंद्र पारेश्वर (46 साल) ने बताया कि11 जुलाई की दोपहर 01.20 बजे मेंरे मोबाईल पर अज्ञात मोबाईल नंबर के धारक द्वारा पीएम सम्मान निधि कार्यालय से बोल रहा हूं और केवाईसी करना है कहते हुए ओटीपी पूछा। इसके बाद जब ओटीपी बताया, तो अज्ञात आरोपी ने प्रार्थी के छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक भगतदेवरी के खाते से 42,000 रुपए एवं सीपीएफ खाते से तीन बार में 2,50,000 रुपए कुल 2,92,000 रुपए की धोखाधड़ी कर ली।

# जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगढ़-बिलाईगढ़

जिला मुख्यालय सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में बुधवार को जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इसमें जिले के तीनों ब्लॉक सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बरमकेला में आयोजित विकासखण्ड महिला खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त 9 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग और 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाएं एवं महिलाएं भाग लेंगी। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स में 100 मीटर, 400 मीटर दौड़, तवाफेंक, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबाल, खो-खो, रस्साकसी, बैडमिंटन, वेटलिफ्टिंग तथा कुश्ती खेल शामिल हैं।



## महिलाओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण 10 से

**हिरमी-रावन।** हिरमी में संचालित राजपूत एजुकेशनल इंस्टिट्यूट द्वारा 10 नवम्बर से महिलाओं के लिए निःशुल्क रोजगारपरक कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संचालक तनमय सिंह राजपूत ने बताया की इस वर्ष से बच्चों के साथ महिलाओं के लिए भी निःशुल्क प्रशिक्षण की शुरुवात की जा रही हैं, जिससे महिलाएं भी सीखकर डिजिटल इंडिया से जुड़कर खुद को बेहतर रोजगार की ओर अग्रेषित हो सके।

विगत तीन वर्षों से लगातार प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में क्षेत्र के स्कूली छात्र छात्राओं के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है। प्रशिक्षण 45 दिन का होगा। संस्था के अनुभवी टीचरों द्वारा बेसिक कंप्यूटर की जानकारी दी जाएगी, जिसकी शुरुवात दस नवंबर से होगी। साथ ही संस्था द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इंस्टिट्यूट आकर महिलाएं अपना पंजीयन करवा सकती है।

## पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने किया उद्घाटन

# हिरमी में खुला पुलिस सहायता केंद्र, 14 गांव को मिलेगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



सुहेला थाना अंतर्गत ग्राम हिरमी में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने विधिवत रूप से पुलिस सहायता केंद्र का उद्घाटन किया। लंबे समय से इस क्षेत्र में पुलिस सहायता केंद्र की मांग की जा रही थी, जो अब साकार हुई है। पुलिस अधीक्षक ने इस मौके पर रोजनामचा लेखन की प्रक्रिया को प्रारंभ करते हुए केंद्र के संचालन का शुभारंभ किया। इस पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कमलेश्वर प्रसाद ठाकुर को नियुक्त किया गया है, उनके साथ प्रधान आरक्षक संत कुमार बिंझवार सहित 6 पुलिसकर्मियों की टीम तैनात की गई है। इस सहायता केंद्र के तहत 14 ग्रामों को जोड़ा गया है, जिनमें कुथरौद, बरडीह, मोहरा, पेन्डरी सहित अन्य ग्राम शामिल हैं। हिरमी ग्राम अपने व्यवसायिक महत्त्व के साथ–साथ अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र की वजह से भी प्रमुखता रखता है, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय और बाहरी श्रमिक काम करते हैं। अपराध नियंत्रण और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया गया है, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था और सुरक्षा को मजबूत किया जा सकेगा। गौरतलब है कि 12 वर्ष पूर्व भी हिरमी में पुलिस सहायता केंद्र की स्थापना की गई थी, लेकिन उसमें स्थाई स्टाफ की कमी के कारण उसका संचालन सही तरीके से नहीं हो पाया था। अब इस नए पुलिस सहायता केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा रही है। इस अवसर पर थाना प्रभारी लखेस केवट, अति. पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा ऐश्वर्य चंद्राकर एवं ग्राम हिरमी के सरपंच, जनपद सदस्य, अल्ट्राटेक संयंत्र एडमिन अधिकारी रंजीत नानिवाल एवं गणमान्य प्रतिनिधिगण शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### सदस्यों का नवीनीकरण

**सरायपाली।** भाजपा मंडल के सक्रिय सदस्यता के रूप में तारेश्वरी नायक एवं जयप्रकाश यादव ने नवीनीकरण कराया।

### आमाकोनी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर कल

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमाकोनी स्थित विश्रामगृह में निःशुल्क चिकित्सा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके आयोजक पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव हैं। जिनके सौजन्य से रायपुर के गणेश विनायक आई हॉस्पिटल की टीम खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमा कोनी पहुंच रही है। जिनके द्वारा 24 अक्टूबर को आमाकोनी स्थित रेस्ट हाउस में आंखों की निशुल्क जांच की जाएगी। जिसमें आंखों की सामान्य जांच, चश्मे के नंबर की जांच और मोतियाबिंद जांच की सुविधा भी उपलब्ध निःशुल्क नेत्र जांच शिविर की जानकारी बागबाहरा स्थित विधायक कार्यालय के माध्यम से दी गई है।

### प्रतिभावान छात्रों का होगा सम्मान

**महासमुंद।** कर्मा जागृति महिला मंच द्वारा जिला स्तरीय स्वजातीय साहू समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रखा जाना है, जिन बच्चों को 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक, नेशनल खिलाड़ी, साहसी कार्य और कोई क्षेत्र में सराहनीय कार्य किये हो वे अपना बायोडाटा सती साहू मेघ बसंत कॉलोनी, गोविंद राम साहू मेडिकल स्टोर, शैल साहू शास्त्री चौक के पास 31 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं। साथ ही झनक साहू रायपुर से संपर्क कर सकते है।



### मृतकों के परिजनों के लिए सोलेशियम फंड से राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** टक्कर मारकर भागने संबंधी उपबंधों के अधीन सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से चोट लगने से मृत्यु होने पर सोलेशियम फंड से प्रतिकर के रूप में दो निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त विनय कुमार लंगेह द्वारा मोटरयान अधिनियम के तहत राशि स्वीकृत की गई है। इनमें सरायपाली विकासखंड के ग्राम बेलटिकरी निवासी रामेश्वर पटेल की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी द्रोपती पटेल एवं वार्ड नंबर 11 वीरेंद्र नगर सरायपाली निवासी गुरुमुख सिंह सलूजा की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी रजिंदर कौर सलूजा के लिए 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### पालक शिक्षक मेगा बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया जोर



**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला बिरकोनी में शिक्षक पालक मेगा बैठक हुई। जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पोषण साहू और उपाध्यक्ष ओंकार पटेल उपस्थित थे। सभी पालकों को उनके बच्चे के मासिक एवं त्रैमासिक मूल्यांकन के संबंध में पालकों को विस्तार पूर्वक बताया गया। पलकों को विशेष अवसर पर न्योता भोज के बारे में जानकारी दी गई। जाति प्रमाण पत्र के बारे में एसटीएससी बालिकाओं को छात्रवृत्ति और पुस्तक, अंगना में शिक्षा और परख आकलन, शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर दिया गया। जिसमें संस्था के प्रधान पाठक देव चरण साहू और शिक्षिका धनेश्वरी प्रजापति, मुकेश प्रजापति, मेघा ध्रुव, संगीता साहू सहित पालकगण उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411